## खबर संक्षेप

### घोंटा ग्राम पंचायत में महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**मण्डला।** विकासखंड मवई के ग्राम पंचायत घोंटा (तहसील बिछिया) में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शी-बॉक्स पोर्टल की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही दहेज प्रतिषेध अधिनियम के प्रचार-प्रसार के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले ने उपस्थित महिलाओं एवं कृषकों को टिकाऊ खेती की तकनीकों, पशुपालन एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं से जुड़कर रोजगार के अवसर प्राप्त करने की जानकारी दी। उन्होंने कौशल विकास एवं विश्वकर्मा योजना के बारे में भी विस्तार से बताया। इसके अलावा बाल विवाह रोकथाम हेतु संचालित नियंत्रण तंत्र की जानकारी देते हुए आईईसी सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा से जुड़े कानूनों, शिकायत निवारण प्रक्रिया, कार्यस्थल पर सुरक्षित माहौल के अधिकार एवं आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की गई। बताया गया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित शी-बॉक्स पोर्टल महिलाओं की शिकायतों के त्वरित निवारण का प्रभावी माध्यम है। इसके साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम एवं यूट्यूब के माध्यम से शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए प्रतिभागियों को संबंधित पेजों को फॉलो करने हेतु प्रेरित किया गया।

### उपाध्यक्ष पर नहीं हुई कार्यवाही तो जनपद में लगेगा ताला

# विवादों में मण्डला जनपद पंचायत

*** उपाध्यक्ष ने दी मुख्यमंत्री से शिकायत की धमकी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

*मण्डला जनपद में चल रही खींचातानी के चलते स्थिति यह हो गई है कि एक ओर जहां जनपद के उपाध्यक्ष जनपद के अधिकारियों द्वारा किये गये भ्रष्टाचार की पोल खोल रहे हैं तो दूसरी ओर जनपद के अधिकारी उपाध्यक्ष द्वारा की जा रही गुण्डागर्दी की शिकायत करते नजर आ रहे हैं। ऐसी ही स्थिति कुछ समय पूर्व निर्मित हुई थी लेकिन बाद में मामला सेटल हो गया था अब पुनः पैसों के लेन-देन में सामंजस्य नहीं बना और लड़ाई सड़कों तक आ पहुंची है जनपद उपाध्यक्ष जहां मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव से शिकायत करने एवं इस्तीफा देने को कह रहे हैं तो वहीं यदि 2 दिन में जनपद उपाध्यक्ष के विरूद्ध कार्यवाही नहीं होती तो अधिकारी कर्मचारियों ने जनपद की तालाबंदी करने की धमकी दे डाली है। हालांकि यह बात सत्य है कि मण्डला जनपद में जनप्रतिनिधि अप्रत्यक्ष तौर पर पंचायतों में जबरदस्त ठेकेदारी कर रहे हैं और जनपद के अधिकारी ही इन्हें सहयोग करते रहे हैं।*





जनपद पंचायत मंडला में इन दिनों विवाद गहराता जा रहा है। जनपद के अधिकारियों और कर्मचारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उपाध्यक्ष संदीप सिंगौर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि उपाध्यक्ष द्वारा लगातार अनैतिक कार्यों के लिए दबाव बनाया जाता है और नियमों के विरुद्ध कार्य नहीं करने पर अभद्र व्यवहार तथा धमकियां दी जाती हैं। कर्मचारियों का कहना है कि इस कारण कार्यालय का माहौल तनावपूर्ण हो गया है और यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे कलमबंद हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे।

वहीं इस पूरे मामले पर जब जनपद उपाध्यक्ष संदीप सिंगौर से चर्चा की गई तो उन्होंने सभी आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए, जिससे "दूध का दूध और पानी का पानी" हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों को उजागर करने के कारण उन्हें निशाना बनाया जा रहा है।

संदीप सिंगौर ने जनपद सीईओ और कुछ अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि "एक पेड़ मां के नाम" योजना में करोड़ों रुपए का घोटाला हुआ है, जिसमें एपीओ अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी का नाम सामने आया था और उनका ट्रांसफर भी हुआ था। इसके बाद "मां की बगिया" योजना में भी बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं। उनका दावा है कि इन सभी मामलों से जुड़े दस्तावेज कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए जा चुके हैं और "कागज खुद बोलते हैं"।

ऐसे में एक ओर जहां कर्मचारी उपाध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उपाध्यक्ष द्वारा अधिकारियों पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों ने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है। अब यह मामला प्रशासनिक जांच का विषय बन गया है और सभी की निगाहें कलेक्टर कार्यालय पर टिकी हैं कि निष्पक्ष जांच के बाद सच्चाई क्या सामने आती है। जनपद मण्डला की सीईओ एवं एपीओ (एडिशनल प्रोग्राम ऑफिसर) के द्वारा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पर अनैतिक रूप से दबाव डालने और कार्यों को करने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा है । यहां प्रश्न यह उठता है कि यदि जनपद उपाध्यक्ष पर अनैतिक कार्यों और दबावों का जो आरोप लगाया गया है, आखिरकार इन अधिकारियों की ऐसी कोन सी विवशता थी, कि ये लोग अभी तक उपाध्यक्ष के विरुद्ध कोई भी कार्यवाही नहीं कर रहे थे ? यह आरोप अभी क्यों लगाए जा रहे हैं, जब जनपद उपाध्यक्ष ने जनपद के कार्यों में भ्रष्टाचार को लेकर मोर्चा खोला। कहीं न कहीं यह आरोप-प्रत्यारोप बहुत से अनसुलझे प्रश्नों को जन्म दे रहे हैं। एक बात और गौर करने वाली है, कि उपरोक्त अधिकारियों ने अपने ज्ञापन में इस बात का उल्लेख भी किया है, कि जनपद उपाध्यक्ष के कक्ष में असामाजिक तत्वों और तथाकथित पत्रकारों का उठना-बैठना होता है। ये तथाकथित पत्रकार कौन लोग हैं? उनके नाम भी तो होंगे या सारे के सारे बेनाम हैं? आरोप लगाने वाले उक्त अधिकारियों ने इस तरह से घोड़े, गधों और खच्चरों को एक ही चाबुक से हंकालने का प्रयास किया है। इन अधिकारियों ने ऐसे अवांछित लोगों की आवाजाही पर उपाध्यक्ष से सवाल-जवाब क्यों नहीं किये? किसी तरह की विभागीय कार्यवाही से कन्नी किसलिए काटते रहे? आरोप दोनों पक्षों की ओर से लग रहे हैं, ऐसे में निष्पक्ष जांच हुए बिना सच्चाई जनता के सामने नहीं आ सकती है। बेहतर होगा कि उच्च अधिकारी इस मामले पा संज्ञान लेते हुए, जल्द से जल्द जाँच करवाएं। अन्यथा जनपद पंचायत मण्डला की जो किरकिरी हो रही है, उसकी आग के लपेटे में बहुत से लोग आयेंगे।



शौर्य भूमि

स्वयं का लगाया वाहन और अपने खाते में 90 हजार कर लिये आहरित

भ्रष्टाचार का गढ़ बनी मण्डला जनपद

### लोक सेवा केंद्र बिछिया पर 30 हजार रुपये का जुर्माना

**मण्डला।** जिला प्रबंधक लोकसेवा मंडला द्वारा लोक सेवा केंद्र बिछिया का निरीक्षण किया गया। उक्त लोकसेवा केन्द्र में निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण के दौरान 3 ऑपरेटर उपस्थित पाए गए। लोकसेवा केन्द्र बिछिया को आधार पंजीयन के कार्य के लिए दिए गए लेपटॉप की जांच करने पर पाया गया कि आधार ऑपरेटर नीलेश कछवाहा द्वारा आधार पंजीयन का कार्य नेहा कम्प्यूटर्स पड़ाव रोड दुकान में अनाधिकृत रूप से किया गया, जो कि अवैध है। फलस्वरूप श्री नीलेश कछवाहा की आधार सुपरवाईजर आईडी को निरस्त किए जाने के लिए प्रस्ताव भोपाल प्रेषित किया गया है। लोक सेवा केन्द्र बिछिया में आरपीएफ डॉक्यूमेंट की कंडिका क्र. 5 की उप कंडिका ए में वर्णित प्रावधानों का पालन नहीं किए जाने के कारण प्रो. नीलम शुक्ला लोकसेवा केन्द्र बिछिया पर कुल 30 हजार रूपए की राशि का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। काउंटर के संचालन में लापरवाही पर 5 हजार रुपये, लोक सेवा केंद्र परिसर के अनाधिकृत / व्यावसायिक उपयोग पर 25 हजार रुपये, कुल मिलाकर 30 हजार रुपये की पेनल्टी निर्धारित की गई है। कलेक्टर एवं सचिव जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी मंडला ने संबंधित संचालक को चेतावनी भी दी है कि भविष्य में नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। भविष्य में पुनरावृत्ति होती है तो लोकसेवा केन्द्र बिछिया संचालन अनुबंध निरस्त करते हुए फर्म को ब्लेकलिस्टेड करने की कार्यवाही की जायेगी।

## मंडला में ट्रक-बाइक भिड़ंत, ड्राइवर-मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

मण्डला जिला मुख्यालय के पास ग्राम कटरा में मंगलवार देर रात एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दरअसल, कोतवाली थाना क्षेत्र में रोनित खाना खजाना के सामने एक बाइक और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। घटना मंगलवार रात करीब 11 बजे की है। हादसे में सौरभ सारथी (23) पुत्र सुरेश सारथी, निवासी ग्वारी, और मुकेश धनवार (19), निवासी मवई, गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान मुकेश ने दम तोड़ दिया। सौरभ की गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। परिजनों के अनुसार, दोनों युवक आपस में रिश्तेदार थे। सौरभ ड्राइवर का काम करता था, जबकि मुकेश देवदरा क्षेत्र में रहकर मजदूरी करता था। मंगलवार रात दोनों बाइक से ग्वारी जा रहे थे। इसी दौरान जबलपुर की ओर से आ रहे चावल से लदे एक ट्रक से उनकी भिड़ंत हो गई। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए गए। कोतवाली पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## बाइक सीमेंट पोल से टकराई, मंडला में भाई-बहन घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मण्डला जिले के निवास थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक बाइक पोल से टकरा गई, जिसमें भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा ग्राम करौंदी के पास तब हुआ जब दोनों शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। मझगांव निवासी रज्जो बाई अपने भाई राजू मरावी के साथ बाइक से निवास की ओर जा रही थीं। रज्जो बाई के बेटे की बारात मंगलवार को कछारी गई थी। यह बाइक उनके बेटे को शादी में दहेज में मिली थी, जिससे लौटते समय करौंदी के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे सीमेंट के छोटे पोल से जा भिड़ी। महिला को पैर में चोट है, प्राथमिक तौर पर डॉक्टर ने फ्रेक्चर की आशंका जताई है। वहीं पुरुष को बाहरी तौर पर कोई गंभीर चोट नजर नहीं आ रही थी, लेकिन वह बेहोशी जैसी हालात में था, जिससे अंदरूनी चोट की आशंका है। हादसे के बाद राहगीरों ने सूचना दी, जिसके बाद डायल 112 और 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निवास ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। निवास पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

### मंडला में अवैध खनिज परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, दो डंपर जब्त

**मण्डला।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई जारी है। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा 7 अप्रैल को ग्राम हिरदेनगर क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान खनिज रेत के अवैध परिवहन में लिप्त दो डंपर वाहनों को जब्त किया गया। जब्त किए गए वाहनों में डंपर क्रमांक एमपी 20 एचबी 7118 एवं एमपी 20 एचबी 5792 शामिल हैं। कार्रवाई के बाद दोनों वाहनों को शासकीय अभिरक्षा में संबंधित चौकी हिरदेनगर की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। वहीं, संबंधित वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

## लोक सेवा केंद्र बिछिया पर-30 हजार रुपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

जिला प्रबंधक लोकसेवा मंडला द्वारा लोक सेवा केंद्र बिछिया का निरीक्षण किया गया- उक्त लोकसेवा केन्द्र में निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए बताया कि- निरीक्षण के दौरान- 3 ऑपरेटर उपस्थित पाए गए- लोकसेवा केन्द्र बिछिया को आधार पंजीयन के कार्य के लिए दिए गए लेपटॉप की जांच करने पर पाया गया कि आधार ऑपरेटर नीलेश कछवाहा द्वारा आधार पंजीयन का कार्य नेहा कम्प्यूटर्स पड़ाव रोड दुकान में अनाधिकृत रूप से किया गया- जो कि गलत है- फलस्वरूप श्री नीलेश कछवाहा की आधार सुपरवाईजर आईडी को निरस्त किए जाने के लिए प्रस्ताव भोपाल प्रेषित किया गया है- लोक सेवा केन्द्र बिछिया में आरपीएफ डॉक्यूमेंट की कंडिका क्र.5 की उप कंडिका ए में वर्णित प्रावधानों का पालन नहीं किए जाने के कारण प्रो. नीलम शुक्ला लोकसेवा केन्द्र बिछिया पर कुल-30 हजार रूपए की राशि का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है- काउंटर के संचालन में लापरवाही पर-5 हजार रुपये- लोक सेवा केंद्र परिसर के अनाधिकृत / व्यावसायिक उपयोग पर- 25 हजार रुपये- कुल मिलाकर- 30 हजार रुपये की पेनल्टी निर्धारित की गई है- कलेक्टर एवं सचिव जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी मंडला ने संबंधित संचालक को चेतावनी भी दी है कि भविष्य में नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें- भविष्य में पुनरावृत्ति होती है तो लोकसेवा केन्द्र बिछिया संचालन अनुबंध निरस्त करते हुए फर्म को ब्लेकलिस्टेड करने की कार्यवाही की जायेगी।




### चार नाबालिक बालिकाओं की गुमशुदगी के प्रकरण में त्वरित कार्रवाई, सकुशल दस्तयाबी

**मण्डला।** दिनांक 07 अप्रैल 2026 को थाना बिछिया अंतर्गत ग्राम कोको से चार नाबालिक बालिकाओं के गुम होने की सूचना प्राप्त होने पर थाना बिछिया में गुमशुदगी दर्ज की गई। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी बिछिया द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों—को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बिछिया श्री सौरव तिवारी के मार्गदर्शन में पुलिस टीम गठित कर तत्काल खोजबीन प्रारंभ की गई। थाना बिछिया पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई एवं तकनीकी सहायता के माध्यम से, कार्यवाही के दौरान तकनीकी साक्ष्यों एवं स्थानीय स्तर पर की गई पतासाजी के आधार पर चारों नाबालिक बालिकाओं को ग्राम गोपीसानी से सकुशल दस्तयाब किया गया। थाना प्रभारी रंजीत सिंह सैयाम, उप निरीक्षक प्रवीण मालवीय, सहायक उप निरीक्षक बालमुकुंद चौरसिया, सहायक उप निरीक्षक उपेंद्र यादव, प्र.आर. अजीत परते, आरक्षक तेवेन्द्र , आरक्षक नंदकिशोर , महिला आरक्षक उमा भारती, सायबर यूनिट मंडला के आरक्षक सुरेश भटेरे, आरक्षक सूर्यचंद बघेल।

**प्रदर्शन** | **परीक्षा संबंधी आदेश का जोरदार किया गया विरोध।**

# टीईटी के विरोध में शिक्षकों की ऐतिहासिक रैली

*** एसडीएम मंडला को सौंपा ज्ञापन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर जिले के सैकड़ों शिक्षकों ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक रैली निकाली तथा मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री के नाम एसडीएम मंडला को ज्ञापन सौंपा।

जिला संयोजक संतोष सोनी एवं दिलीप मरावी के नेतृत्व में मंडला जिले के सभी विकासखंडों से आए हजारों शिक्षकों ने धरना-प्रदर्शन में भाग लिया। इस दौरान मंच से लोक शिक्षण संचालनालय एवं आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग भोपाल द्वारा जारी टीईटी परीक्षा संबंधी आदेश का जोरदार विरोध किया गया।

संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय संयोजक डी.के. सिंगौर ने विशाल सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की 27 अगस्त 2010 की अधिसूचना एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार पूर्व से नियुक्त अध्यापक-शिक्षक टीईटी के दायरे में नहीं आते हैं। इसके बावजूद मध्यप्रदेश शासन द्वारा 25-30 वर्षों से कार्यरत शिक्षकों को जबरन टीईटी के दायरे में लाकर परीक्षा के लिए बाध्य किया जा रहा है, जो अनुचित है।

उन्होंने कहा कि इस निर्णय के विरोध में संयुक्त मोर्चा सड़क से लेकर संसद और सर्वोच्च न्यायालय तक संघर्ष करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षक परीक्षा देने में सक्षम हैं, लेकिन यह उनके मान-सम्मान के विपरीत है, इसलिए सभी शिक्षक एकजुट होकर इसका विरोध कर रहे हैं।

जिला संयोजक संतोष सोनी ने बताया कि प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत 8 अप्रैल को सभी जिला मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन एवं रैली आयोजित की जा रही है। इसके बाद 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तर पर तथा 18 अप्रैल को भोपाल में विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शासन द्वारा टीईटी परीक्षा निरस्त नहीं की गई, तो प्रदेशभर के शिक्षक तालाबंदी हड़ताल के लिए बाध्य होंगे। जिला संयोजक दिलीप मरावी ने बताया कि मंडला में आयोजित रैली कलेक्ट्रेट कार्यालय से लालीपुर चौराहा तक निकाली गई, जिसमें लगभग 7000 शिक्षकों ने भाग लेकर टीईटी आदेश का जोरदार विरोध दर्ज कराया। उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षकों ने शैक्षणिक संवर्ग के कर्मचारियों की सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से किए जाने की मांग भी रखी। रैली में महिला शिक्षिकाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही, जिससे आंदोलन को व्यापक समर्थन मिला।

WE ARE HIRING

**Job Opening**

**CIRCULATION ASSISTANT MANAGER**

**Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post**

Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

**Qualifications :**

- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

**Responsibilities :**

- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

**How to Apply**

Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com

Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### जीजा ने कर दी साले की पिटाई

**चीचली।** बीते हुये दिवस इन्द्रा कालोनी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे घर के बाजू में मेरी बहन अपने पति बच्चो के साथ रहती है। जिनसे पुरानी बुराई चल रही है। बीते हुये दिवस की बात है जब मै अपने घर में फोन पर बात कर रहा था तो मेरे जीजा लालू साहू को लगा कि मै उसे गाली दे रहा हूँ। इसी बात को लेकर जीजा लालू साहू लाठी लेकर आया और गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी साले की शिकायत पर आरोपी जीजा के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### शराब पीने के लिये पैसा नही देने पर की मारपीट

**चीलची।** समीपस्थ गोटीटोरिया पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस वही के निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह बाजार कुछ समान लेने के लिये गया हुआ था। उसी समय ग्राम पुंआरिया निवासी पप्पू कौरव मिला और शराब पीने के लिये पैसों की मांग की गई जब प्रार्थी द्वारा पैसा देने से इंकार किया तो इसी बात को लेकर आरोपी द्वारा घसीटते हुये मरघटा के पास ले जाकर मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा अपने साथी दुर्गेश को बुलाया गया जिसने लाठी से मारपीट की गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### युवक की मौत पर बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवास दीपक पिता मनोरी अहिरवार उम्र 24 साल निवासी आडेगांव कला अपने साथी राजेन्द्र अहरिवार व गोविंद अहिरवार के साथ मोटर साईकिल से कही गये हुये थें जो ग्राम आमढ़ाना के पास पीछे से आ रही एक मोटर साईकिल क्रमांक MP49ZA6793 चालक द्वारा अपनी मोटर साईकिल को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर मार दी गई जिसके चलते दीपक सहित उसके साथी गिर जाने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गये। वही घायलों को जब उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया तो डाक्टरा द्वारा दीपक अहिरवार को मृत घोषित किये जाने के चलते पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### बहिन के गृह प्रवेश पर जाने से पति ने की पिटाई

**गाडरवारा।** कुछ पतियों द्वारा अपनी पत्नी को छोटी छोटी बातों को लेकर मारपीट करने लगते है तो घर टूटना आम बात हो जाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर की पंचवटी कालोनी में देखने मिली है। जहां पर एक महिला द्वारा अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने बहिन के द्वारा बनाये गये घर के गृह प्रवेश में शामिल होने गई थी तो उसी बात को लेकर पति द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### बाइक की टक्कर से घायल

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर पालिका सफाई विभाग में पदस्थ हनुमान वार्ड निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस मैं अपनी मोटर साईकिल से राजकुमार बाल्मीक के साथ स्टेशन से अपने घर हनुमान वार्ड जा रहा था। मैं मोटर साईकिल चला रहा था मेरे पीछे राजकुमार बैठा हुआ था। जैसे ही हम उत्सव भवन के पास पहुचे उसी दौरान पीछे से एक मोटर साईकिल क्रमांक MP49-ME-4726 का चालक द्वारा तेज गति व लावरवाही पूर्वक अपनी मोटर साईकिल को चलाते हुये टक्कर मार दी गई जिसके चलते प्रार्थी सहित उसके अन्य साथियों को चोटे अपने के चलते पुलिस द्वारा आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

---

दो युवकों के पास से जप्त की गई पांच लाख से भी अधिक कीमत की स्मैक

# मादक पदार्थों के अवैध कारोबारियों के खिलाफ चौहान की टीम ने घुमाया डंडा

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** कहा जाता है कि मादक पदार्थो की लत का शिकार जब कोई व्यक्ति हो जाता है तो उसको अपनी लत पूरी करने के लिये वह किसी भी हद तक जाने में पीछे नही रहता है। इसी का फायदा मादक पदार्थ के कारोबारियों द्वारा उठाने में पीछे नही रहते है। यदि सच्चाई पर नजर डाली जावे तो आये दिन पुलिस द्वारा जिले में अनेक जगहों पर मादक पदार्थो का अवैध कारोबार करने वालों को पकड़ने में सफलता हासिल की जा रही है उससे तो यह बात उजागर हो चुकी है कि हमारे जिले में मादक पदार्थो की लत अमर बेल की तरह फैल चुकी है। इस अमर बेल रूपी मादक पदार्थो के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना द्वारा सभी थाना प्रभारियों को कार्यवाही करने के लिये सख्त आदेश दिये गये है। इसी के चलते गाडरवारा नगर निरीक्षक अशोक चौहान गाडरवारा क्षेत्र में इस तरह के अवैध धंधे में लिप्त रहने वाले लोगों के साथ इस नशे का शिकार बन चुके हुये लोगों पर पैनी नजर रखते हुये कार्यवाही का डंडा लगातार घुमाते हुये देखे जा रही है। इसी






के चलते बीते हुये दिवस चौहान की टीम द्वारा दो युवकों के पास से पांच लाख से अधिक कीमत का स्मैक पावडर पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। इसका खुलासा करते हुये पुलिस द्वारा अपनी जानकारी में बताया गया है कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली की डमरूघाटी क्षेत्र में कुछ लोग मादक पदार्थ विक्रय करने की जुगाड में घुम रहे है। इस सूचना से टीआई चौहान द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वही जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना द्वारा आरोपियों को माल सहित पकड़ने के लिये निर्देशित किये जाने के चलते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के दिशा निर्देश व उप पुलिस अधीक्षक ललित सिंह डागुर के मार्ग दर्शन तथा नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। इस तरह आरोपियों को पकड़ने के लिये गठित की गई टीम में मुख्य रूप से निरीक्षक अशोक सिंह चौहान के आलवा उप निरीक्षक अनिल कुमार भगत, उ प निरीक्षक अंकित रावत व प्रधान आरक्षक राम गोपाल सिंह राजपूत, वरिष्ठ आरक्षक रूपेन्द्र चौबे सहित आरक्षक बालकृष्ण रघुवंशी बल्लू, सुजीत बागरी, शिवम पटैल, दीपक राजपूत, महेन्द्र बावरिया, अक्षय श्रीवास्तव, अखिलेश पटेल, यश मेहरा, मोहन चौरे, सोहेब खान, उत्तम, हरिशंकर, प्रदीप गुप्ता व महिला आरक्षक गीता अग्रवाल को शामिल किया गया था। टीआई चौहान की टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान डमरूघाटी के बाजू ग्राम केकरा मार्ग पर घेराबंदी करते हुये पहुंची तो वहां पर पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे युवक को पकड़ते हुये जब पुलिस ने पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम बाबू लाल पिता छत्तर सिंह कौरव उम्र 54 साल निवासी ग्राम बरहटा बताया गया। वही जब युवक की तलाशी ली गई तो उसके पास से पुलिस को लगभग 39 ग्राम स्मैक पावडर मिलने के चलते पुलिस द्वारा पावडर को जप्त करते हुये पूछ गया कि यह स्मैक वह किससे लेता है। इस बात को लेकर आरोपी बाबू लाल कौरव द्वारा पुलिस को बताया कि वह कुछ दिन पहले अपने अन्य साथी से खिचलीपुर से लेकर आया हुआ था उससे प्राप्त की गई है। इसी तरह एक अन्य दूसरी टीम द्वारा ग्राम इमलिया मरघटा के पास खैराबंदी करते हुये वीरेन्द्र पिता लक्ष्मी प्रसाद भाट उम्र 36 साल निवासी ग्राम कौड़िया को पकड़ते हुये तलाशी ली गई तो उसके पास से पुलिस को 15.. ग्राम स्मैक पावडर मिला। इस तरह पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों से अलग अलग स्थानों पर पकड़ते हुये जप्त किये गये कुल मिलाकर 54.. ग्राम स्मैक पावडर जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख 40 हजार रूपया आंकी जा रही है। वही पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार करने के उपरांत मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर इस अवैध कारोबार की अन्य सच्चाई जानने का प्रयास करने में जुटी हुई है। इस तरह नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान द्वारा मादक पदार्थो का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ अपना डंडा घुमाना शुरू करते ही जहां दो युवको के पास से पांच लाख से अधिक कीमत का मादक पदार्थ स्मैक पावडर जप्त करने में एक बड़ी सफलता हासिल की गई है।

---

## प्रदेश के मुखिया द्वारा 150 किलोमीटर दूरी से किया बोहानी गन्ना अनुसंधान केन्द्र सहित प्रशासनिक भवन का लोकार्पण



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** क्षेत्र के किसानों को लाभ पहुंचाने के लिये तेंदूखेड़ा विधान सभा क्षेत्र के लिये एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। जिसका लोकापर्ण प्रदेश के मुखिया द्वारा लगभग 150 किलोमीटर दूर से करते हुये एक सौगात क्षेत्र के किसानों के लिये सौपी गई। बताया जाता है कि बीते हुये दिवस मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में आयोजित नवाचार पर केन्द्रित कृषि मंथन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर उन्होंने गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तेंदूखेड़ा विधान सभा के ग्राम बोहानी में गन्ना अनुसंधान केन्द्र के 1.11 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में लोकार्पण समारोह एवं जिला स्तरीय किसान सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन और राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ संपन्न हुआ। वही ग्राम बोहानी में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में आयोजित नवाचार पर केन्द्रित कृषि मंथन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया जिसमें मौजूद अतिथियों, किसानों और नागरिकों ने देखा एवं सुना। इस दौरान क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह अवसर अत्यंत गौरव और हर्ष का क्षण है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा गन्ना अनुसंधान केंद्र बोहानी के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण हम सभी के लिए एक बड़ी सौगात है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि यह केवल एक भवन नहीं है, बल्कि किसान भाइयों के उज्जवल भविष्य का आधार है। गन्ना अनुसंधान केंद्र के माध्यम से हमारे क्षेत्र के किसानों को उन्नत बीज, नई तकनीक और वैज्ञानिक मार्ग दर्शन मिलेगा, जिससे उनकी फसल की पैदावार बढ़ेगी और आय में वृद्धि होगी। इस सौगात के माध्यम से हमारे क्षेत्र के किसान को लाभ तो मिलेगा वही दूसरी ओर क्षेत्र की कृषि मजबूत होगी, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। केन्द्र से लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार निरंतर किसानों के हित में कार्य कर रही है और गांव, गरीब व किसान को सशक्त बनाने की ओर अग्रसर होते जा रहे है। इस अवसर पर पूर्व विधायक भैयाराम पटेल, जिला पंचायत सदस्य धनंजय पटेल, राव वीरेंद्र सिंह, रमाकांत शर्मा, शिवदयाल खेरोनिया, रामकुमार ठाकुर, हरिप्रताप ममार सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा प्रशासन की ओर से एसडीएम गाडरवारा श्रीमती कलावती व्यारे के आलवा अन्य अधिकारी, किसान और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

---

## कलचुरी समाज ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुये आगजनी से पीड़ितों के लिये लगाई मदद की गुहार

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जब कोई किसान अपने खेत में फसल की बोनी करने के बाद उसे तैयार करने के लिये जहां दिन रात एक कर देता है। वही अनेक प्रकार के कीटों से बचाने के लिये घर की सामग्री विक्रय करते हुये उसे बचाने से नही चूकता है। मगर जब वह फसल तैयार होकर कटने की स्थिति में पहुंचने के बाद यदि उसी किसान की आंखों के समाने जलकर खाक हो जाती है तो उस किसान के ऊपर क्या गुजरती है। इस बात की सच्चाई बीते हुये दिनों समीपस्थ सालीचौका क्षेत्र में उस समय देखने मिल चुकी है। जब एक आग की चंगारी ने चंद मिनिटों के अंदर लगभग सौ एकड़ से अधिक की जमीन पर कटने के लिये तैयार हो चुकी गेंहू फसल को जलाकर खाक कर दिया गया था। इस तरह तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पनागर में कलचुरी समाज के अनेक किसानों की गेंहू सहित खेतों पर रखी हुई खेती संबंधी सामग्री



जलकर खाक होने के कारण मानों उनके ऊपर दुखो का पहाड़ टूट गया है, उनकी लगभग 100 एकड़ गेहूं की फसल आग में जल जाने के कारण जहां वह आर्थिक संकट से जूझते हुये देखे जा रहे है। इस स्थिति में जिला कलचुरी कलार समाज द्वारा पीड़ति परिवारों के समर्थन तथा शासन की ओर से मदद की गुहार लगाते हुये अनुविभागीय राजस्व अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र सहायता राशि प्रदान किए जाने की मांग की गई है। इस तरह खेतों में घटित हुई आगजनी में समाज के आजाद चौकसे, राहुल चौकसे, उमाशंकर चौकसे, मनीश चौकसे, रामदयाल चौकसे, रमाकांत चौकसे सहित अन्य लोगों को काफी क्षति का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ा है। अनुविभीयय से मदद की गुहार लगाने के लिये दिये गये ज्ञापन के अवसर पर जिलाध्यक्ष पंकज चौकसे, जिला संयोजक किशोर राय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में उपस्थित सामाजिक बंधुओं ने पीड़ित परिवारजनों के घर पहुंचकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष रविशेखर जायसवाल, महासचिव नरेंद्र राय, जिलाध्यक्ष युवा इकाई आशीष राय, गाडरवारा अध्यक्ष मनीष जायसवाल, तेंदूखेड़ा से पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश राय, रीतेश राय, राकेश जायसवाल, रूपेश राय, प्रमोद चौकसे, कैलाश राय, अखिलेश राय, रजनीश राय, महेश राय पुरुषोत्तम राय सहित ग्राम पनागर से अनेक सामाजिक व किसान लोग मौजूद रहे।

---

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम ढाना की ऊमर नदी में शुरू हुआ गहरीकरण का कार्य

**हरिभूमि न्यूज/बारहाबड़ा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बीते हुये दिवस विकास खंड चीचली के ग्राम ढाना में जल स्त्रोत समागम कार्यक्रम आयोजित किया गया। बताया जाता है कि इस दौरान यहां की ऊमर नदी के गहरीकरण का कार्य शुरू हुआ। नदी के गहरीकरण के चलते जहां इससे जल संरक्षण व भू-जल स्तर में बढ़ोत्तरी होगी और क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। इस दौरान मौजूद सभी ग्रामीणों को



जल संरक्षण करने व जल स्त्रोतों को सहेजने की शपथ दिलाई गई। जल स्त्रोत समागम कार्यक्रम के तहत जल सुरक्षा एवं वर्षा जल सग्रहण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई इसके साथ ही सुरक्षित जल-समृद्ध कल के संकल्प के साथ ग्रामवासियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान विकासखंड समन्वयक सुश्री स्मिता दांडे, नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा सामिति बसुरिया के अध्यक्ष रामकृष्ण राजपूत एवं सचिव रामेश्वर वर्मा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भमका, परामर्शदाता, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ढाना सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

---

## नगर की कॉलोनियों से लेकर कुलियों में मनमर्जी से बनाये स्पीड ब्रेकर दे रहे दुर्घटनाओं को आमंत्रण, प्रशासन की अनदेखी पड़ रही भारी...



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** किसी भी नगर व क्षेत्र की सड़को से लेकर अन्य आमजन की सुविधाओं की जिम्मेदारी संबंधित शासन प्रशासन की होती है। जहां पर किसी सुविधा की कमी होती है तो वहां पर व्यवस्था बनाई जावे और किसी जगह कोई परेशानी पैदा हो रही है तो वहां पर सुधार कार्य किया जावे? मगर इस दिनों नगर पालिका क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह लोगों द्वारा मनमर्जी के मुताबिक अपने घरों में सामने स्पीट ब्रूकरों का निर्माण कार्य किया जा रहा है उसके चलते आम लोगों की जिन्दगी को खतरा पैदा होने के साथ वाहनों को जहां क्षति पहुंचने से नही चूक रही है। मगर शासन प्रशासन में बैठे हुये जिम्मदारों की उदासीनता पूर्ण सच्चाई उजागर होने से नही चूक पा रही है..? जबकि गौर किया जावे तो इस तरह सड़को पर बनाये जाने वाली स्पीट ब्रेकरों को लेकर तो मा. उच्च. न्यायालय द्वारा भी रोक लगाई गई। वही दूसरी ओर यदि अति जरूरत पर कही स्पीट ब्रेकर का निर्माण किया भी जाता है तो उसके लिये संबंधित संस्था से अनुमति लेकर स्पीट ब्रेकर के माप दंडो का पालन करते हुये निर्माण के बाद संकेतिक सूचना स्थापित की जाती है। मगर नगर की मुख्य सड़कों से लेकर कालोनियों व कुलियों में जिस तरह लोगों द्वारा अपनी मनमर्जी के मुताबिक स्पीट ब्रेकरों का निर्माण किया जा रहा है उसको लेकर प्रशासन पूर्णरूप से उदासीन होने के साथ साथ अनजान बना हुआ है। इस तरह मा. उच्च न्यायालय के आदेशों की अव्हेलना करते हुये मन मुताबिक बनाये जाने वाले स्पीट ब्रेकरों के चलते आम लोगों की जिन्दगी को खतरा पैदा होने के साथ साथ लोगों के वाहनों को क्षति पहुचाने के साथ साथ दुर्घटनाओं को मामंत्रण देने से नही चूक रहे है..। इस बात की सच्चाई की अनेक कालोनियों से लेकर वार्डो में देखने मिल रही है। मगर हैरत की बात है कि जिन मुख्य मार्गो से लेकर कालोनी की गलियों का कुलियों में बनाये गये इन स्पीट ब्रेकरों से जहां प्रतिदिन नगर पालिका प्रशासन की कचरा एकत्र करने वाली गाड़ियों से लेकर अधिकारियों का आना जाना होता रहता है। वही दूसरी ओर नगर पालिका द्वारा जिस तरह कर्मचारियों की जो फौज तैयार की गई है उसका भी आना जाना होने के बाद भी इस ओर ध्यान न देना निश्चित तौर से नगर के पेहरेदारों की उदासीनता पूर्ण कार्य शैली को उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ रही है? क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि जब नगर में लोगों के घरों का निर्माण होने या फिर सड़क के इस पार से उस पार कोई लाईन ले जाने के लिये पक्की सड़क की खुदाई की जाती है तो उसके बाद आवास निर्माण की सामग्री बच जाती है उसके माध्यम से लोग अपने घरों के सामने स्पीट ब्रेकर बना देता है। इस बात की सच्चाई देखी जावे तो इस समय नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में आसानी से देखने मिल सकती है। जहां पर मुख्य मार्ग पर लोगों द्वारा अपनी मनमर्जी से अनेक जगहों पर इतनी ऊंचाई बाले स्पीट ब्रेकर बनाये गये है जिनके ऊपर से जब कोई भी वाहन निकलता है तो लोगों को चोटे लगने से नही चूक पाती है तो दूसरी ओर कोई स्कूटी हो या फिर किसी की कार निकलते है तो उसका निचला भाग इन स्पीट ब्रेकरों में टकराने से वाहन को क्षति पहुंचने से नही चूक पाती है। इसके आलवा नगर में अनेक जगहों पर मन मुताबिक लोगों द्वारा बनाये गये इन स्पीट ब्रेकरों के चलते आये दिन वाहन फिसलने के चलते लोगों को घायल होते हुये देखा जाना आम बात होने लगी है। नगर के लोगों द्वारा नगर पालिका प्रशासन के साथ साथ जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की गई है कि मा. उच्च न्यायालय के आदेशों की अव्हेलना करते हुये मन मुताबिक बनाये गये इन स्पीट ब्रेकरों को हटाने की कार्यवाही की जावे जिससे वाहन चालकों की जिन्दगी व उनके वाहन सुरक्षित रहे सके।

---

## पंचायती राज में अनियमितताएँ, गरीबों की सुनने वाला कोई नहीं

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** अनियमितता और मनमानी करने वालो को यत्र-तत्र जयकार होती आ रही है...? पंचायती राज में तो भ्रष्टाचार का विकेन्द्रीकरण होते हुए दिखाई दे रहा है, जिसकी अनेको शिकायते आये दिन होती रहती है.., पर उन पर क्या कार्यवाही होती है किसी को नहीं है पता...? इतना ही नहीं शिकायतो को ठंडे बस्ते में डाल देने का क्रम जारी है, यदि ग्रामीण क्षेत्रों में त्रिस्तरीय पंचायती राज में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अपने सगे संबंधियों व छुटभैया नेताओं को देना, पंचायत की राशि का दुरूपयोग करना, गरीबों के नाम पर आई योजनाओं का बंदर बांट करना आम बात होते हुए दिखाई दे रही है? परिणाम स्वरूप योजनाओं के असली हक दार योजनाओं की जानकारी के अभाव में पंचायतो की ओर ताकते रहते हैं, किंतु उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है? इस बात की शिकायत करने पर शिकायतकर्ता को ठेंगा दिखाने से पंचायत के कर्णधार पेट का खाना तक की योजनाओं में धांधली करने से नहीं चूक रहे हैं? अनुसूचित जाति, जनजाति और गरीब तबका आज अपने परिवार के साथ दयनीय स्थिति में है, शासन चलाई जा रही अनेक योजनाओं के बाद भी वह न उन्हें ईलाज मिल पा रहा है और न ही शिक्षा तथा न ही रहने का ठौर ठिकाना अपने लिए बना पा रहा है? अक्सर देखा जाता है कि पंचायत प्रतिनिधि अपनी मनमानी के चलते रूपया कमाना अपनी शान समझते हुये पंचायती राज की धज्जियाँ उड़ते हुए देखे जाते है? जिन पंचायतों का महिलाओं द्वारा नेतृत्व किया जा रहा है उन पंचायतों के कार्यों में सरपंच पतियों का हस्तक्षेप भी बढ़ा हुआ है, जिससे लोगों को पंचायती राज का लाभ नहीं मिल पा रहा है, इस बात की सच्चाई इस समय गाडरवारा तहसील क्षेत्र के सांईखेड़ा जनपद के अंतर्गत आने वाले अनेक ग्राम पंचायतों में आसानी से देखने मिल रही है? जहां पर आज भी अनेक पात्र हितग्राही शासन द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं के लाभ से बंचित घूम रहे है, स्थिति तो यहां तक देखी जाती है कि अनेक लोगों को सरकार से उनके मकान बनने की बधाई भेजी जाती है? मगर उन्हें यह तक पता नही रहता है कि उनका कौन से मकान बन गया है जिसकी उन्हें बधाई मिल रही है?

फोटो क्रमांक - 17 योजनाओं के लाभ का इंतजार करते हुये

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं नजूल अधिकारी गाडरवारा, जिला-नरसिंहपुर (म. प्र.)**

अनुविभागीय कार्यालय, तहसील परिसर गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर 487551 फोन न. 07791-255732, E-mail:- sdmgadarwara121@gmail.com

राजस्व प्रकरण क्रमांक-0001 अ-113(4) वर्ष:-2025-26 के तहत जारी

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीदेव विश्वकर्मा मंदिर लोक न्यास बरमानखुर्द, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) द्वारा शिवप्रसाद विश्वकर्मा पूर्व अध्यक्ष देव विश्वकर्मा लोक न्यास ट्रस्ट बरमानखुर्द के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि देवश्री विश्वकर्मा मंदिर लोक न्यास बरमानखुर्द की बैठक दिनांक 25/12/2025 में अध्यक्ष श्री शिवप्रसाद विश्वकर्मा द्वारा साधारण बैठक बुलाई थी जिसमें लोक न्यास के पंजीकृत सदस्य श्री उदयराम विश्वकर्मा काशी खैरी, नेतराम विश्वकर्मा गाडरवारा एवं विजय विश्वकर्मा नरसिंहपुर की मृत्यु हो जाने के कारण उनके स्थान पर उनके वारसान के रूप में नेतराम विश्वकर्मा के पुत्र मुकेश विश्वकर्मा, उदयराम विश्वकर्मा के पुत्र श्री रंजीत विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा के स्थान पर ओमप्रकाश विश्वकर्मा को उक्त बैठक में सभी सदस्यों ने उनके नाम सदस्यों के रूप में सम्मिलित किये जाने का अनुरोध किया गया है। अतः विधिक वारसानों का नाम लोक न्यास अभिलेखों में नियमानुसार दर्ज किया जावें। अपने आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत की गई है। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति अथवा दावे प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई दिनांक 15/04/2026 को मेरे समक्ष स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से विधिवत लिखित रूप से दावा आपत्ति पुष्टि के दस्तावेजों सहित दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय सीमा के पश्चात प्राप्त होने वाले दावे आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 25/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

जारी दिनांक- 25/03/2026
सुनवाई दिनांक- 15/04/2026

शील

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं नजुल अधिकारी गाडरवारा

दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल गाडरवारा
CBSE बोर्ड आधारित, DPIS Org. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक
DPIS
प्रवेश प्रारंभ
विवेकानंद वार्ड, शनि मंदिर के पास, सांईधाम कॉलोनी, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर
Mob. : 903 9230 199, 722 4021 199 Email- dpsgadarwara@gmail.com

## खबर संक्षेप

### डिंडौरी में बाल एवं युवा नाट्य कार्यशाला शुरू अभिनय सीखने का अवसर

**डिंडौरी।** जिले में रंगमंच और अभिनय में रुचि रखने वाले बच्चों और युवाओं के लिए महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध हुआ है। मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल द्वारा आयोजित बाल एवं युवा नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ 8 अप्रैल से हो चुका है। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को रंगमंच की बारीकियों और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों से परिचित कराया जा रहा है।कार्यशाला के निर्देशक के रूप में चयनित रंगकर्मी वंदना मानिकपुरी ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और उन्हें अभिनय की गहन समझ देना है। उन्होंने कहा कि इस पहल से बच्चों और युवाओं में छिपी रचनात्मक क्षमता को निखारने का अवसर मिलेगा।कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को अभिनय बॉडी मूवमेंट इम्प्रोवाइजेशन बॉडी लैंग्वेज डायलॉग डिलीवरी और कैरेक्टराइजेशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही थिएटर गेम इमेजिनेशन ऑब्जर्वेशन वॉइस एंड स्पीच एक्सप्रेशन स्क्रिप्ट रीडिंग और लेखन के साथ कविता और कहानी वाचन जैसी गतिविधियां भी कराई जाएंगी।प्रशिक्षण में पारंपरिक लोक कला गीत और नृत्य के साथ थिएटर प्रबंधन वस्त्र सज्जा रूप सज्जा मंच सज्जा लाइट डिजाइन तथा प्रॉप्स निर्माण और उनके उपयोग की भी जानकारी दी जाएगी।कार्यशाला की विशेषता यह है कि इसके समापन पर प्रतिभागियों द्वारा तैयार की गई नाट्य प्रस्तुति मंचित की जाएगी। यह आयोजन न केवल अभिनय कौशल को विकसित करेगा बल्कि प्रतिभागियों के आत्मविश्वास और रचनात्मकता को भी नई दिशा प्रदान करेगा।

### प्रगणक एवं सुपरवाईजर का प्रशिक्षण 15 अप्रैल से 25 अप्रैल तक

**उमरिया।** कलेक्टर एवं प्रमुख जन गणना अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य) हेतु जिले में नियुक्त प्रगणक एवं सुपरवाईजर के प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 अप्रैल 2026 से 25 अप्रैल 2026 के सफल क्रियान्वयन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुविभाग बांधवगढ़, मानपुर एवं पाली को अपने अनुविभाग क्षेत्रांतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु नोडल अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को प्रशिक्षण का सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया हैं । उन्होने कहा है कि नियुक्त सहायक नोडल अधिकारी, प्रगणक एवं सुपरवाईजर के सम्पूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु उत्तरदायी होंगें । यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है ।

### मेरी बेटियां मेरा अभिमान

**अमरकंटक।** कल्याणिका केन्द्रीय शिक्षा निकेतन अमरकंटक में कक्षा नर्सरी से 9 वीं एवं 11 वीं तक के वार्षिक परीक्षा परिणाम गरिमामय वातावरण में घोषित किए गए। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। विद्यालय परिसर में हर्ष एवं गर्व का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के हंसवाहिनी ऑडिटोरियम में किया गया। कक्षा 9 मे अध्ययनरत स्तुति द्विवेदी व कक्षा 3 मे अध्ययनरत देवांशी द्विवेदी ने अपने कक्षा में पहला स्थान लाकर अमरकंटक सहित स्कूल व अपने परिजनो का नाम रोशन किया है। पिता देवेन्द्र कूमार द्विवेदी व माता रजनी द्विवेदी ने एक साथ एक स्वर में कहा की हमारी बेटियां हमारा अभिमान है।

### जर्जर कालरी आवास दे रहे हादसे को आमंत्रण

**कोतमा।** एसईसीएल जमुना कोतमा उपक्षेत्र के अंतर्गत गोविंदा कॉलोनी में स्थित लगभग 30 वर्ष पुराने डबल स्टोरी कालरी आवास अब पूरी तरह जर्जर होकर खंडहर में तब्दील हो चुके हैं। इन भवनों की हालत इतनी खराब हो गई है कि वे किसी भी समय धराशाही होकर बड़ी जनहानि का कारण बन सकते हैं। बावजूद इसके, इन आवासों में आज भी हजारों लोग अपने परिवार के साथ रहने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, इन पुराने भवनों की दीवारों में गहरी दरारें आ चुकी हैं, छतें कमजोर हो गई हैं और कई जगहों पर प्लास्टर गिर रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है, जिससे हर पल हादसे का डर बना रहता है। लोगों का कहना है कि यह स्थिति किसी बड़ी अनहोनी को खुला निमंत्रण दे रही है। यदि समय रहते इन जर्जर आवासों को हटाने या मरम्मत की पहल नहीं की गई, तो कोतमा के अग्रवाल लॉज जैसी दुखद घटना की पुनरावृत्ति से इंकार नहीं किया जा सकता।

---

विकासखंड शहपुरा के ग्राम पंचायत बरगांव स्थित जनजातीय कल्याण केंद्र परिसर

# बरगांव में जनजातीय कल्याण केंद्र के विकास कार्यों का लोकार्पण शिक्षा और संस्कार पर जोर






**डिंडौरी।** विकासखंड शहपुरा के ग्राम पंचायत बरगांव स्थित जनजातीय कल्याण केंद्र परिसर में बाउंड्री वॉल नर्मदांचल विद्यापीठ शिक्षक भवन सोलर पैनल तथा वार्षिक प्रतिवेदन का भव्य लोकार्पण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और संतों की गरिमामय उपस्थिति रही।कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा लोकार्पण से हुई। इसके बाद भारत माता वीरांगना रानी दुर्गावती और भगवान बिरसा मुंडा के चित्रों पर दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण किया गया। नर्मदांचल विद्यापीठ की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। वहीं विद्यालय के विद्यार्थियों ने मल्लखंभ का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के सांसद विधायक और जनप्रतिनिधियों के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि जनजातीय कल्याण केंद्र में गरीब और पिछड़े वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उनके शारीरिक मानसिक और सांस्कारिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और मल्लखंभ प्रदर्शन की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि यह परिसर संकल्प से सिद्धि का उत्कृष्ट उदाहरण है और समाज सेवा ही राष्ट्र सेवा है।उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कथन को स्मरण करते हुए कहा कि जहां अंधेरा है वहां प्रकाश पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। इस केंद्र के माध्यम से वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है।

कार्यक्रम में सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए अच्छे व्यक्तियों का निर्माण आवश्यक है। उन्होंने सौ ग्रामों को रोगमुक्त व्यसनमुक्त विवादमुक्त और क्षुधामुक्त बनाने का लक्ष्य बताया और मेरा गांव स्वस्थ गांव की अवधारणा पर कार्य करने का आह्वान किया। राजकुमार मटोले ने कहा कि जनजातीय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर उनके सर्वांगीण विकास पर ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने नैतिक मूल्यों से युक्त वातावरण तैयार करने और आत्मनिर्भर युवाओं के निर्माण पर जोर दिया ताकि वे समाज और राष्ट्र की सेवा में अग्रणी भूमिका निभा सकें।

---



# डिंडोरी में मेडिकल स्टोर्स पर औचक निरीक्षण अनियमितताओं पर प्रशासन सख्त

**डिंडोरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देश पर जिले के शाहपुरा एवं विक्रमपुर क्षेत्र में संचालित मेडिकल स्टोर्स का औषधि निरीक्षक द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानोंकृजनता मेडिकल स्टोर्सए सूर्या मेडिकल स्टोर्सए शिव मेडिकल स्टोर्सए बालाजी मेडिकल स्टोर्स हर्ष मेडिकल एंड जनरल स्टोर्सए गुप्ता मेडिकल स्टोर्स एवं शिल्पा मेडिकल स्टोर्सकृकी जांच की गई।निरीक्षण के दौरान कई मेडिकल स्टोर्स में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। इनमें फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में दवाओं की बिक्रीए बिल बुक का उचित संधारण न होना तथा एक्सपायरी दवाओं का अन्य स्टॉक के साथ रखा जाना प्रमुख रूप से शामिल है।प्रशासन ने इन अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित दुकानों को तत्काल प्रभाव से तब तक के लिए बंद करा दिया हैए जब तक वहां फार्मासिस्ट की उपस्थिति सुनिश्चित नहीं हो जाती। साथ ही संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दवा विक्रय से जुड़े नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा और आमजन के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

---

# मालपुर नर्मदा तट की बदहाली पर समिति ने सौंपा ज्ञापन, विकास कार्यों की उठाई मांग



**शहपुरा।** जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत मालपुर स्थित कन्हैया संगम में नर्मदा तट की जर्जर स्थिति को लेकर मां नर्मदा पूर्णिमा महाआरती समिति ने उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल एवं धर्म संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र लोधी को ज्ञापन सौंपकर त्वरित विकास कार्य कराए जाने की मांग की है।समिति ने ज्ञापन में बताया कि कन्हैया संगम क्षेत्र का प्रमुख आस्था केंद्र है जहां मां नर्मदा और कनई नदी का पवित्र संगम होता है। यहां हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान और दर्शन के लिए पहुंचते हैं लेकिन आवश्यक सुविधाओं के अभाव में उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नर्मदा तट पर बड़ी मात्रा में मलवा और पत्थर जमा होने से घाट की स्थिति खराब हो गई है। इसके अलावा छोटे पुल पर प्लेटो नहीं होने से पानी नहीं रुकता जिससे तट सूखने जैसी स्थिति बन रही है।समिति ने प्रमुख मांगों में नर्मदा नदी से मलवा और पत्थरों की सफाई नए घाटों का निर्माण घाट और पुल पर प्रकाश व्यवस्था पुल पर गेट लगाने तथा महाआरती घाट पर शेड निर्माण शामिल किया है। समिति का कहना है कि इन कार्यों के पूर्ण होने से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी।समिति ने शासन प्रशासन से कन्हैया संगम के धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित कार्यों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ कराने की मांग की है।

---

**पेयजल संकट पर महिलाओं की आवाज रंग लाई गांव में शुरू हुआ सर्वे**



**डिंडौरी** ।जिले में आयोजित जनसुनवाई के दौरान विकासखंड मेहंदवानी के ग्राम पंचायत चौबीसा अंतर्गत सकरी टोला और घंघारी टोला की महिलाओं ने पेयजल संकट को लेकर अनोखे तरीके से अपनी आवाज बुलंद की। महिलाएं घड़े और पानी के बर्तन लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं और समस्या से अवगत कराया।महिलाओं की इस पहल को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई शुरू की गई। निर्देश मिलते ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जनपद पंचायत मेहंदवानी के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।प्रशासनिक टीम ने दोनों टोला में नए हैंडपंप की स्थापना के लिए स्थल चयन और सर्वे कार्य प्रारंभ कर दिया है। इस पहल से क्षेत्र के लोगों में पेयजल समस्या के जल्द समाधान की उम्मीद जगी है।

---

# डिंडोरी की 31 छात्राएं आईटीआई कौशल कॉलेज सरदारपुर के लिए रवाना



**डिंडोरी।** तकनीकी शिक्षा एवं जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश शासन और पैन आईआईटी एलुमिनाई फाउंडेशन के सहयोग से संचालित परम फाउंडेशन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की छात्राओं को औद्योगिक प्रशिक्षण एवं रोजगार से जोड़ने के लिए विशेष पहल की जा रही है।इसी क्रम में डिंडोरी में आयोजित प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर जिले की 31 छात्राओं का चयन किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारीए जिला पंचायत डिंडोरी श्री दिव्यांशु चौधरी एवं जिला परियोजना प्रबंधक ;एनआरएलएमद्ध श्रीमती अर्पना पांडे ने चयनित छात्राओं को धार जिले के आईटीआई कौशल कॉलेजए सरदारपुर ;बैच.05द्ध के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर प्रदान संस्था की श्युवा शास्त्र१ टीम से सुश्री मुस्कानए परम फाउंडेशन के क्षेत्रीय समन्वयक श्री राहुल रंजन सिंहए जिला समन्वयक श्री नवीन चौहानए सहयोगी संस्था प्रदान के सदस्य तथा छात्राओं के अभिभावक उपस्थित रहे।चयनित छात्राएं एक वर्षीय मैन्युफैक्चरिंग आईटीआई कोर्स का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद उन्हें परम कौशल कॉलेज के प्लेसमेंट नेटवर्क के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।क्षेत्रीय समन्वयक राहुल रंजन सिंह ने बताया कि इस पहल के तहत अब तक डिंडोरीए मंडला और बालाघाट जिलों की 100 से अधिक छात्राओं को प्रशिक्षण एवं रोजगार से जोड़ा जा चुका है। आने वाले समय में इस संख्या को और बढ़ाने की योजना है।

---

**6 एवं 7 अप्रैल को फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी**

# डिंडोरी में एफएलएन सर्वे सम्पन्नए छात्रों की बुनियादी दक्षताओं का हुआ आकलन



**डिंडोरी।** जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने और विद्यार्थियों की आधारभूत दक्षताओं के सटीक मूल्यांकन के उद्देश्य से 6 एवं 7 अप्रैल को फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी ;एफएलएनद्ध सर्वे का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।यह सर्वे कक्षा 3 के उन छात्र.छात्राओं पर केंद्रित रहाए जो वर्तमान शैक्षणिक सत्र में कक्षा 4 में प्रवेश कर चुके हैं। चयनित शालाओं में प्रत्येक विद्यालय से अधिकतम 12 विद्यार्थियों को शामिल कर टेबलेट के माध्यम से उनकी भाषा एवं गणितीय दक्षताओं का परीक्षण किया गया। डिजिटल माध्यम से आयोजित इस सर्वे के जरिए विद्यार्थियों की सीखने की स्थिति का पारदर्शी और सटीक आकलन सुनिश्चित हुआ।

सर्वे के सफल संचालन में जिले के शिक्षकोंए बीएसीए बीआरसीसी एवं संबंधित स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी ने निर्धारित समय.सीमा में विद्यालयों में पहुंचकर नियमानुसार सर्वे कार्य संपन्न किया। तकनीकी सहयोग और डेटा संकलन की प्रक्रिया भी सुव्यवस्थित ढंग से पूरी की गई।सर्वे के बाद उपयोग में लाए गए टेबलेट एवं अन्य सामग्री को 9 और 10 अप्रैल को संबंधित कार्यालयों में जमा कराया जाएगाए जिससे आगामी शैक्षणिक गतिविधियों के लिए संसाधनों का पुनः उपयोग किया जा सके।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशनए डीपीसी श्वेता अग्रवाल और डाइट प्राचार्य सुमन परस्ते के मार्गदर्शन एवं सतत निगरानी में यह सर्वे प्रभावी रूप से संपन्न हुआ। वहींए प्रशिक्षण प्रभारी अशोक बर्मनए सहायक परियोजना समन्वयक ;अकादमिकद्ध अमित गौलिया और प्रोग्राम समन्वयक अनुराग पटेल के समन्वय एवं मॉनिटरिंग से पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हुई।इस प्रकार के सर्वेक्षण से विद्यार्थियों की वास्तविक शैक्षणिक स्थिति स्पष्ट होती है और भविष्य की योजनाओं एवं सुधारात्मक प्रयासों के लिए ठोस आधार तैयार होता है। शिक्षा विभाग की यह पहल जिले में शिक्षा स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

---

**झारिया सेवा समिति ने आदर्श पुनर्विवाह का आयोजन**

# शहपुरा में आदर्श पुनर्विवाह का आयोजन समाज के लिए बना प्रेरणा



**शहपुरा।** शहपुरा में बदलते सामाजिक परिवेश के बीच एक सराहनीय पहल सामने आई है जहां झारिया सेवा समिति ने आदर्श पुनर्विवाह का आयोजन कर समाज को सकारात्मक दिशा दी है। यह विवाह 05 अप्रैल 2026 को झारिया धर्मशाला में संपन्न हुआ जो केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं बल्कि सामाजिक सोच में बदलाव का मजबूत संदेश बनकर उभरा।समिति के मार्गदर्शन में ग्राम मानिकपुर निवासी दिनेश कुमार पिता जगेंद्र प्रसाद और ग्राम जिमरा निवासी नेहा बाई पिता धर्मेंद्र कुमार का विवाह हिन्दू रीति रिवाजों के अनुसार आपसी सहमति से पूर्ण विधि विधान के साथ कराया गया।इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक समाज के वरिष्ठजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने नवदंपति को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद भविष्य की कामना की।झारिया सेवा समिति की इस पहल ने समाज में व्याप्त पुरानी धारणाओं को तोड़ते हुए यह स्पष्ट संदेश दिया है कि पुनर्विवाह न केवल स्वीकार्य है बल्कि जरूरतमंद लोगों के लिए नई शुरुआत का अवसर भी है।इस आयोजन के बाद झारिया मेहरा समाज सहित पूरे क्षेत्र में सकारात्मक चर्चा देखने को मिल रही है और इसे सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

---

### बिजली कटौती से अमरपुर क्षेत्र में जनजीवन अस्तव्यस्त उपभोक्ताओं में आक्रोश



**अमरपुर।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन कई घंटों तक बिजली बंद रहने से जनजीवन प्रभावित हो गया है और लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।उपभोक्ताओं का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी मुख्यालय में उपलब्ध नहीं रहते और लाइनमैन की कमी के कारण व्यवस्था बिगड़ गई है। बिजली आपूर्ति बिना किसी निश्चित समय के कभी भी बंद कर दी जाती है और सुधार कार्य भी अनियमित तरीके से किए जाते हैं। कई स्थानों पर कार्य के लिए पैसे लेने के आरोप भी सामने आए हैं।लगातार बिजली कटौती का असर छोटे व्यापारियों पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। कंप्यूटर दुकान फोटोकॉपी सेंटर आटा चक्की वेल्डिंग कार्य सहित कई व्यवसाय पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं। वहीं दूरदराज से आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज बनवाने आने वाले लोग घंटों इंतजार करने को मजबूर हैं।बिजली बंद रहने से जलापूर्ति भी प्रभावित हो रही है जिससे महिलाओं को पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। बढ़ती गर्मी के बीच स्थिति और गंभीर होती जा रही है।हाल के दिनों में मेंटेनेंस के नाम पर चार अप्रैल को पूरे दिन बिजली बंद रही जबकि सात अप्रैल को साप्ताहिक हाट बाजार के दिन भी कटौती जारी रही। आठ अप्रैल को भी दोपहर बाद से देर शाम तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।उपभोक्ताओं का कहना है कि शिकायतों के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नाराज उपभोक्ताओं ने उग्र आंदोलन और चक्काजाम की चेतावनी दी है।

---

# दुर्घटनाओं को आमंत्रण देता जर्जर सामुदायिक भवन



**अमरपुर।** शासन के निर्देशानुसार शीर्ण जीर्ण अवस्था में पहुंच चुके अधिकांश शासकीय शाला भवनों को जमींदोज किया जा चुका हैं। परंतु जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत धनवासी में आंगनबाड़ी केंद्रए प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला परिसर में वर्षों पूर्व एक सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया था। जोकि वर्तमान समय में जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी हैं। जिस भवन का आधा छत गिरने के चलते लोहे की सरिया भी खतरनाक स्थिति में फैले हुए हैं। इस संबंध में ग्रामीणों के अलावा शाला में पदस्थ शिक्षकों द्वारा बतलाया गया कि बच्चे खेलते हुए भवन के अंदर चले जाते हैं। जिन्हें हमारे द्वारा तुरंत भगाया जाता हैं। उक्त भवन को जमींदोज करने के लिए शिक्षकों द्वारा उच्चाधिकारियों को पत्र भी लिखा जा चुका हैं। इस परिसर में तीन संस्थाएं संचालित हैं। जो अवकाश के समय परिसर के अंदर ही खेलते हैं। उक्त भवन कभी भी क्षतिग्रस्त हो सकता हैं। तो क्या शासन प्रशासन को किसी अनहोनी घटना का इंतजार हैं। जबकि यह भवन आंगनबाड़ी केंद्र से लगा हुआ हैं। जहां अबोध बालक ही दर्ज होते हैं। शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने कहा कि क्षतिग्रस्त भवन को अतिशीघ्र गिरा दिया जावे जिससे नौनिहाल छात्रों की सुरक्षा बनी रहे।

## खबर संक्षेप

### रैली निकालकर शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन



**नरसिंहपुर।** बुधवार को शिक्षकों द्वारा बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने शहर में रैली निकालकर इस परीक्षा को तत्काल निरस्त करने की मांग की। रैली में शिक्षकों द्वारा नारेबाजी की गई। रैली से पहले आयोजित एक सभा में अध्यापको ने कहा कि शिक्षक पात्रता परीक्षा लेना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों को पात्रता परीक्षा के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में एक पुनर्विचार याचिका भी दायर की गई है। इस दौरान संयुक्त मोर्चा के कई शिक्षकों ने इस परीक्षा को अव्यावहारिक बताते हुए इसे निरस्त करने की मांग की। शिक्षकों ने बताया कि अगले चरण में 11 अप्रैल को ब्लॉक मुख्यालयों पर और 18 अप्रैल को भोपाल में शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

### बाल विवाह रोकने विकासखंड स्तरीय उड़नदस्ता दल गठित

**नरसिंहपुर।** जिले में होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के तहत कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिले की प्रत्येक विकासखंड स्तर पर उड़नदस्ता दलों का गठन करने का आदेश जारी किया है। कलेक्टर के द्वारा जारी आदेश के मुताबिक उड़दस्ता दल के जिले की समस्त विकासखंड के संबंधित अनुविभागीय राजस्व अधिकारी अध्यक्ष होंगे। उक्त दल में संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, सीईओ जनपद, चिकित्सा एवं शिक्षा अधिकारी, संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी और सेक्टर पर्यवेक्षक को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि उक्त दल अपने-अपने ब्लॉक क्षेत्राधिकार के अंतर्गत होने वाले सामूहिक विवाहों में वर-वधुओं की आयु के संबंध में जन्म प्रमाण पत्र या स्कूल की मार्कशीट का अवलोकन करेंगे। किसी भी परिस्थिति में बालक वर की आयु 21 वर्ष से कम और बालिका वधु की आयु 18 वर्ष से कम न हो। बालक-बालिका की आयु कम पाए जाने पर दल बाल विवाह रोकने का प्रयास करेंगे अन्यथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्यवाही करेंगे।

### वाहनों की हुई जांच, वसूला 17 हजार का जुर्माना



**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में जिला परिहवन अधिकारी और उनकी टीम के द्वारा एनटीपीसी गाडरवारा में संचालित फ्लाई एश के वाहनों की जांच बुधवार को की गई। वाहनों की जांच के दौरान 4 वाहन असुरक्षित परिवहन करते पाए गए। मौके पर ही इन वाहनों पर 17 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। साथ ही एक बस वाहन क्रमांक एमपी 20 पीए 0797 बिना परमिट के संचालित होने पर 25 हजार 600 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस प्रकार उक्त सभी वाहनों पर कुल 42 हजार 600 रुपये का जुर्माना लगाया गया। यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### ए आर राव हुए पदोन्नत



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के एनसीसी अधिकारी ए. आर. राव द्वितीय सहयोगी एनसीसी अधिकारी से पदोन्नत होकर प्रथम सहयोगी एनसीसी अधिकारी बन गये। 1 मप्र बटालियन जबलपुर में कमान अधिकारी कर्नल नितिन शर्मा द्वारा रैंक सेरेमनी से पदोन्नत किया गया। ज्ञात हो कि श्री राव 2014 से विद्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता रोगी कल्याण समिति की बैठक सम्पन्न

# सर्वसहमति से विभिन्न प्रस्ताव से हुए पारित





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

बुधवार को कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता और विधायक तेंदूखेड़ा विश्वनाथ सिंह पटेल की विशेष मौजूदगी में रोगी कल्याण समिति की बैठक जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसहमति से विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में जिला चिकित्सालय में स्थापित 2 नग लिफ्ट के रखरखाव के लिए एमएसी, लेबर रूम के लिए एक नग एयर प्यूरीफायर क्रय करने और ब्लड बैंक में संचालित उपकरणों के लिए अनुमानित 2 लाख रुपये की लागत से 50 केव्हीए का स्टेबलाइजर क्रय करने के लिए प्रस्ताव अनुमोदित किए गए।

### समग्री क्रय करने के निर्देश

इसी प्रकार बैठक में जिला चिकित्सालय के वार्डों के लिए 4 नग मल्टी पैरामीटर मॉनिटर क्रय करने, मॉर्चुरी एवं पीएम हाउस का अपग्रेडेशन कराए जाने, एक नग पुराने डीप फ्रीजर की रिपेयरिंग व 2 लाख रुपये की अनुमानित लागत के नया एक नग डीप फ्रीजर क्रय करने और विभिन्न वार्डों के लिए 15 नग कूलर व 30 नग पंखे क्रय किए जाने के लिए प्रस्ताव अनुमोदित किए गए। राज्य मद से आवंटन प्राप्त न होने पर आयुष्मान मद से रोगी कल्याण समिति के माध्यम से आवश्यकता अनुसार स्टेशनरी सामग्री प्रतिमाह लगभग 70 रुपये तक की सीमा में क्रय करने के लिए अनुमोदित किया गया। जिला चिकित्सालय के शॉपिंग कॉम्पलेक्स की दुकान नंबर 3 विजय कुमार नेमा और शॉपिंग कॉम्पलेक्स की दुकान नंबर 4 कु. नेहा जैन के द्वारा मासिक किराया जमा नहीं किया जा रहा है। इस पर अनेकों बार संबंधित को नोटिस जारी करने के बाद भी बकाया किराया राशि जमा नहीं की जा रही है। इस पर कलेक्टर ने अनुविभागीय राजस्व अधिकारी नरसिंहपुर के माध्यम से दुकान को रिक्त कराए जाने के निर्देश दिए।

### आय व्यय किया गया अनुमोदित

बैठक में माह अक्टूबर 2025 से माह मार्च 2026 तक का आय-व्यय अनुमोदित किया गया। साथ ही जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर परिसर में 10 बिस्तरीय नशामुक्ति केन्द्र स्थापित किए जाने के लिए स्थल चयन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ. राजकुमार चैधरी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीपी भनारिया, डॉ. राहुल नेमा, डॉ. प्रियंका नेमा, डॉ. स्वाति मीणा, समाज सेवी राकेश जैन, दानदाता सौरभ शंकर दुबे सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

### कलेक्टर जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण





कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बुधवार को जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लेबर रूम, मेटरनिटी वार्ड, चाइल्ड वार्ड, पीएनसी वार्ड एवं ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। साथ ही अस्पताल परिसर में चल रहे रैन बसेरा भवन निर्माण कार्य, पार्किंग व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि रैन बसेरा के भवन के निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करें, ताकि जिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों के परिजनों को रूकने की सुविधा उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती सिंह ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से सीधे संवाद कर उन्हें मिल रहे उपचार व सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से भोजन की गुणवत्ता, चिकित्सकीय परामर्श, दवाईयां, डॉक्टर के द्वारा वार्डों में भर्ती मरीजों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, स्टाफ के व्यवहार आदि के संबंध में जानकारी ली। मरीजों द्वारा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। कलेक्टर ने ब्लड बैंक में ब्लड बैग के भंडारण एवं वितरण व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होंने गर्भवती महिलाओं से चर्चा कर टीकाकरण एवं उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने अस्पताल में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने, पेयजल आपूर्ति निर्बाध रखने आदि की व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## वन विभाग की कार्रवाई, अवैध सागौन जब्त



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बरमान खुर्द स्थित श्री देव विश्वकर्मा मंदिर परिसर में अवैध सागौन लकड़ी के उपयोग के मामले में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मंदिर के पुजारी के खिलाफ वन अपराध दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि पुजारी द्वारा मंदिर समिति को बिना सूचना दिए मंदिर परिसर की भूमि पर कब्जा कर सागौन की लकड़ी से दरवाजे, चैखट और फर्नीचर तैयार कराया जा रहा था। जानकारी के अनुसार जब इस गतिविधि की जानकारी मंदिर समिति को लगी तो समिति के सदस्यों ने नरसिंहपुर पहुंचकर कलेक्टर एवं तहसीलदार के नाम शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर वन विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मंदिर परिसर में जांच कर कार्रवाई की। वन मंडल अधिकारी नरसिंहपुर के निर्देशन एवं उप वनमंडल अधिकारी गाडरवारा के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी करेली द्वारा गठित विशेष टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पाया गया कि मंदिर परिसर में अवैध सागौन लकड़ी से दरवाजे, चैखट और फर्नीचर निर्माण का कार्य चल रहा था। वन विभाग की टीम को देखकर मंदिर का पुजारी और उसके दोनों बेटे मौके से फरार हो गए। वन विभाग की टीम ने मौके से सागौन के दो दरवाजे, फ्रेम तथा 20 नग सागौन के लट्ठे, कुल 0.383 घन मीटर लकड़ी जप्त की। इस मामले में मंदिर के पुजारी देवकीनंदन पटोलिया के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 32518/17 दर्ज किया गया है।

## 25 हजार की रिश्वत लेते हुए बाबू गिरफ्तार, लोकायुक्त की कार्रवाई



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बुधवार को लोकायुक्त जबलपुर की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए नगरपालिका में पदस्थ बाबू संजय तिवारी को 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई से नगरपालिका कार्यालय में हड़कंप मच गया और कर्मचारियों में दिनभर चर्चाओं का दौर चलता रहा। लोकायुक्त इंस्पेक्टर ब्रजमोहन सिंह नरवरिया ने बताया कि शिकायतकर्ता भीष्म नारायण राजपूत कंस्ट्रक्शन कंपनी का संचालन करते हैं। उन्हें कृष्णा वार्ड के मरहई माता क्षेत्र में पेवर ब्लॉक निर्माण का टेंडर मिला था। कार्य पूर्ण होने के बाद करीब 3 लाख 39 हजार रुपए का भुगतान होना था, जो लंबे समय से लंबित था। आरोप है कि बाबू संजय तिवारी ने बिल पास करने के लिए 15 प्रतिशत तक कमीशन की मांग की, जो लगभग 50 हजार रुपए होती थी। शिकायतकर्ता द्वारा असमर्थता जताने पर आरोपी कम राशि पर राजी हो गया और भुगतान जारी होने के बाद रिश्वत देने की बात तय हुई। शिकायतकर्ता रिश्वत नहीं देना चाहते थे, लेकिन आरोपी ने सिक्योरिटी डिपॉजिट (एफडीआर) रोकने और अन्य भुगतान अटकाने की धमकी दी। इसके बाद उन्होंने लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद लोकायुक्त टीम ने योजना बनाकर जाल बिछाया। आरोपी ने 38 हजार रुपए की मांग की थी, लेकिन शिकायतकर्ता केवल 25 हजार रुपए का इंतजाम कर सके। बुधवार को लोकायुक्त पुलिस ने संजय तिवारी को उनके कार्यालय में ही 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई।

## बलराम-रेवती, श्रीकृष्ण-रुकमणी विवाह संपन्न

### श्रीकृष्णपुरम में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

**करेली।** नगर के सुभाष वार्ड स्थित श्रीकृष्णपुरम कालोनी में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है। दोपहर तीन बजे से होने वाली कथा में कथावाचक पंडित दिनेश शास्त्री संगीतमय कथा सुनने के लिए नगर सहित आसपास के क्षेत्र से भी भक्तगण पधार रहे है।बुधवार को पं.दिनेश शास्त्री ने बलराम-रेवती, श्रीकृष्ण- रुकमणी विवाह, कंश वध, सुदामा चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। कंश वध पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जब अत्याचार अनैतिकता बढ़ जाती है, उसका अंत भी होता है। पं दिनेश शास्त्री ने सुदामा चरित्र के बारे में बताया कि अपने मित्र का ध्यान श्रीकृष्ण ने हमेशा रखा। मित्रता अमीरी गरीबी से परे होती है।यजमान श्रीमती कृष्णदेवी, सुनील शर्मा, आशीष शर्मा, ऋचा शर्मा, अन्नपूर्णा दीदी, अचला शर्मा शामिल है।कथा में होने वाले भजनों ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। गायिका तनुश्री श्रीवास्तव करेली,गायक पं. ललित शास्त्री इंदौर, सचिन तिवारी, भूपेंद्र, हरिओम, टीकाराम शामिल है।न्यूज़ 3 फोटो 3,4*गीता ज्ञान प्रवचन एवं राजयोग अनुभूति शिविर




आयोजित**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का आयोजन* करेली। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा गणेश वार्ड स्थित शिव शक्ति मंदिर में आध्यात्मिक प्रदर्शनी, गीता ज्ञान प्रवचन एवं राजयोग अनुभूति शिविर का आयोजन किया गया। सात दिनों तक चलने वाले इस आध्यात्मिक शिविर में तनाव मुक्त और सुख, शांति से परिपूर्ण जीवन जीने के लिए श्रेष्ठ व शक्तिशाली आत्मा के निर्माण लिए सभी को संकल्पित करना है।इसी उद्देश्य से मंगलवार शाम पांच बजे से शुरू हुए शिविर में ब्रह्माकुमारी बहन साधना ने अपने उदबोधन में श्रेष्ठ आत्मा के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अपने कर्म के द्वारा श्रेष्ठ और शक्तिशाली आत्मा का निर्माण किया जा सकता है। श्रेष्ठ व शक्तिशाली आत्मा ही शिव बाबा तक पहुंच सकती है। श्रेष्ठ व तनाव मुक्त जीवन के लिए अपने कर्मों को संकल्पित करना बहुत जरूरी है। शिवबाबा कहते है आत्मा को श्रेष्ठ बनाकर ही परमपिता तक पहुंचा जा सकता है। इस मार्ग पर चलने में राजयोग बहुत मददगार है।इस शिविर में गणेश वार्ड पार्षद ज्योति सोनी, अर्पिता दीदी, रितु पांडे, संध्या पाठक, शालिनी जाट, सुष्मिता शर्मा, दुर्गा श्रीवास्तव, मोना श्रीवास्तव, नारायण प्रसाद यादव, पंडित राम सजीवन उपाध्याय, जगदीश ठाकुर, अंकित पाठक, शंकर भाई सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## महिला मंडल द्वारा नये बस स्टैंड पर प्याऊ की व्यवस्था

**तेंदूखेड़ा**



विगत दिवस नये बस स्टैंड पर श्री पार्श्वनाथ जैन मिलन महिला शाखा द्वारा शुद्ध स्वच्छ शीतल पेयजल प्याऊ का शुभारंभ जैन मिलन महिला शाखा की अध्यक्ष श्रीमती अरुणा जैन कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रीति मोदी,सचिव अर्चना स्वदेशी एवं महिला मंडल की सभी सदस्यों डॉ प्रकाश जैन पंडित कमल कुमार शास्त्री तथा सर्वोदय महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ किरणप्रभा जैन की उपस्थिति में किया गया । जैन मिलन महिला शाखा की सेवा भावी कार्यों की उपस्थिति वर्गों द्वारा सराहना की गई।इस अवसर पर जैन महिला मिलन की श्रीमती श्रद्धा जैन मुक्ता स्वदेशी मनीषा जैन कल्पना स्वदेशी पूर्ति जैन विद्या जैन सुनीता जैन मीनू जैन राजश्री जैन अंजना अहिंसा प्रिया जैन के साथ साथ सभी सदस्यायें उपस्थित रहीं।

## श्री हनुमान मंदिर दादा दरबार से चांदी का मुकुट और दो छत्र ले गये चोर
## श्री सुब्रतनाथ भगवान नवीन दिगम्बर जैन मंदिर में भी ताले तोड़कर चोरी का प्रयास







**तेंदूखेड़ा**

विगत मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर तेंदूखेड़ा के हृदय स्थल गांधी चौक के सामने तरफ विराजमान श्री राम रसिया हनुमान मंदिर दादा दरबार से स्वयं संकटमोचक हनुमान जी महाराज के लगभग साढ़े सौ ग्राम एक मुकुट और दो छत्र उतारकर ले गये। साथ ही दान पेटी से हजार रुपए के लगभग चिल्लर निकाल कर ले गए हैं।मंदिर के चैनल गेट का ताला तोड़कर भीतर घुसे चोरों ने पुराने थाने परिसर से दीवाल फांदकर भीतर पहुंचे और फिर उसी रास्ते से बाहर निकल कर चंपत हो गये हैं। इसके पूर्व सी सी टी वी फुटेज में कैद हुए दो चोर मंडी रोड स्थित श्री सुब्रत नाथ भगवान नवीन दिगम्बर जैन मंदिर में घुसे और ताले तोड़कर भीतर गये वहां भी तालै तोड़ने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुए भीतर तल घरा में भी गये लेकिन वापस लौट गये। वहीं से वापस आने के बाद ही हनुमान मंदिर में चोरी घटना को अंजाम दिया।इस चोरी की घटना के बाद से संपूर्ण क्षेत्र में रोष व्याप्त है। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस बल भी हर एंगिल से चोरों को पकड़ने की दिशा में साक्ष्यों को एकत्रित कर रही है।

### एडिशनल एसपी पहुंचे घटना की जानकारी लेने

घटना की जानकारी लगते ही तेंदूखेड़ा एस डी ओ पी ने पुलिस बल के माध्यम से अपने सभी अधीनस्थ अधिकारियों के सहयोग से हर बिंदु पर पैनी नजर बनाए हुए हैं वहीं फिंगरप्रिंट और डाग स्क्वायड और साइबर सेल टीम को बुलाकर हर साक्ष्य पर सर्च किया जा रहा है। दोपहर में एडिशनल एसपी संदीप भूरिया भी हनुमान मंदिर जैन मंदिर पहुंचे और घटना की सूक्ष्मता से जानकारी ली गई। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि पुलिस पूरी ताकत के साथ इस घटना की जानकारी जुटाने में संलग्न बनीं हुई है।

### सी सी टी वी कैमरें बनें शोभा की सुपारी

किसी भी चोरी की घटना या अज्ञात गतिविधियों को खंगालने में तीसरी आंख सी सी टी वी कैमरों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। और इस व्यवस्था को लेकर काफी लंबे समय से सभी व्यापारियों स्थानीय प्रशासन को समय-समय पर एलर्ट किया जाता रहा है लेकिन मुख्य सड़क मार्गों दुकानों के कुछ कैमरे केवल दिखावा ही साबित हुये है।



## विशाल कलश यात्रा के साथ श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का श्री गणेश

**तेंदूखेड़ा**

इन दिनों संपूर्ण क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों का क्रम जारी बना हुआ है।इसी श्रंखला के चलते समीपी ग्राम बंधी सर्रा में ग्राम वासियों के सहयोग से यहां पर विराजमान संत रामकृष्ण जी महाराज अयोध्या की प्रेरणा से पंचकुण्डात्मक श्री विष्णु महायज्ञ श्रीमद्भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ सप्ताह का श्री गणेश विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में गांव एवं आस पास क्षेत्रों की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।14अप्रेल तक चलने वाले इस महायज्ञ के यज्ञाचार्य पं प्रमोद पचोरी कथा व्यास पं शिव ओम कृष्ण शास्त्री होंगे जो दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक भगवान की लीलाओं का गुणानुवाद करेंगे। आयोजन समीति ने सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।